HJUJ celebrates 67 years of India's Independence

Jaipur: Independence Day was celebrated with joy and simplicity at the Academic Centre of Haridev Joshi University of Journalism and Mass Communication (HJUJ) in the presence of faculty members, staff members and students of the university. The Honb'le Vice Chancellor Sunny Sebastian, hoisted the national flag and addressed the gathering. Speaking about freedom struggles of different nations he said that India shares its independence day with three other countries- South Korea, Bahrain and the Republic of Congo and as many as 23 nations attained freedom in the month of August.

He pointed out that year 2014 marks the centenary year of World War I and India's contribution in World War I was noteworthy given the sacrifices made by over one million Indian troops who served overseas and about 74,000 Indian soldiers who died during the World War. While quoting a few lines from the famous speech of independent India's first Prime Minister Jawaharlal Nehru, the Vice Chancellor also sought to motivate the gathering to uphold the spirit of freedom and dignity for all achieved after many years of struggle. He also saluted the sung and unsung heroes of India's long fight for freedom.

The Registrar, Mrs Kusum Dharwal also addressed the gathering and stressed that the spirit of serving the nation and patriotism can be best achieved by becoming responsible and dutiful citizens of the country. In addressing the gathering, Prof Narayan Bareth stressed on India's plural culture and the need to protect the same as was emphasized by leaders of India's Freedom Struggle.

A tree plantation drive was also organized as a part of the celebrations. Expressing concerns for protecting the environment, the Vice Chancellor encouraged all students to adopt trees and become nature lovers. Besides the Vice Chancellor and the Registrar, among those who planted saplings were the Controller of Examinations, Mr Narendra Chaturvedi and the Director of the Academic Centre, Prof. Rajan Mahan. All Faculty members, staff members and students of the university also actively participated in planting saplings on the academic campus.

झंडारोहण और पौधारोपण के साथ मना स्वतंत्रता दिवस समारोह

जयपुर। हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के जगतपुरा स्थित अकादमिक परिसर में 68वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति श्री सन्नी सेबेस्टियन ने झंडारोहण के साथ कार्यक्रम का भ्ाुभारंभ किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्रीमती कुसुम धारवाल, अकादमिक समन्वयक श्री नरेन्द्र चतुर्वेदी, अकादमिक केंद्र के निदे ाक प्रोफेसर राजन महान, मीडिया अध्ययन विभग के अध्यक्ष प्रोफेसर नारायण डी बारेठ, सभी संकाय सदस्य, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद थे।

अपने संबोधन में कुलपति श्री सन्नी सेबेस्टियन ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जो सपने देखे थे उनको पूरा करना हमारी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि पत्रकारिता और जनसंचार के विद्यार्थी होने के कारण उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे इतिहास से और देश के स्वतंत्रता सेनानियों के कार्यों से सीखें। उन्होंने कहा कि एक श्रेष्ठ पत्रकार वही है तो अपने देश और समाज के मुद्दों की समझ रखता है। इससे पहले प्रोफेसर नारायण बारेठ ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की साझा संस्कृति है और इसलिए जाति और मजहब से बढ़कर हर भारतीय के लिए देश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने एक बड़ी जिम्मेदारी हम पर छोड़ी है और उसको निभाने में हर भारतीय की बराबर की भागीदारी होनी चाहिए।

इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्रीमती कुसुम धारवाल ने कहा कि देश की सेवा केवल सेना या पुलिस में भर्ती होकर ही नहीं की जा सकती। एक अच्छा नागरिक बनना देश की सबसे बड़ी सेवा है। हर नागरिक अपने हिसाब से देश की सबसे अच्छी सेवा कर सकता है। सफाई का उदाहरण देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि आप स्वच्छता ब्रिगेड बनाकर आसपास के किसी भी क्षेत्र को गोद लें और उसकी साफ–सफाई का भार अपने कंधों पर लें। कार्यक्रम के आखिर में पौधारोपण किया गया जिसमें कुलपति महोदय सहित सभी उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया।